CNews सिटी चीफ

वर्ष-15, अंक-99

पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपया

आज का विचार

जिंदगी का रास्ता कभी बना बनाया नही मिलता है..स्वयं को बनाना पड़ता है...जिसने जैसा मार्ग बनाया उसे वैसी ही मंजिल मिलती है...

बिहार सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM

बिहार, रविवार 14 जुलाई 2024

बिहार के सभी अंचलों में इसी महीने शुरू होगा भूमि सर्वेक्षण का काम... हर हफ्ते होगी समीक्षा

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

मोतिहारी, बिहार बीते दिनों मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जल्द से जल्द राज्य में भूमि सर्वेक्षण का काम पूरा करने को कहा था. जिसके बाद अब राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग एक्शन में आ गया है. इसके तहत अब राज्य के सभी अंचलों में जमीन सर्वे का काम इसी महीने शुरू हो जायेगा. साथ ही अगले दो महीने तक हर सप्ताह सभी जिलों से वीसी के जरिए बैठक कर उच्चस्तर पर प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

सर्वे से पहले बांटे जाएंगे स्वघोषणा पत्र सर्वे शुरू करने से पहले भू-स्वामियों (रैयतों) के बीच स्वघोषणा पत्र यानी फॉर्म-2 बांटने के साथ-साथ इस संबंध में प्रचार-प्रसार और माइकिंग का काम अगले कुछ दिनों में शुरू हो जाएगा. स्वघोषणा पत्र बांटने की जिम्मेदारी अंचल कर्मचारी को दी जाएगी, हालांकि स्वघोषणा पत्र के लिए कोई समय सीमा तय नहीं होगी. यह निर्देश हाल ही में मुख्य सचिव ब्रजेश मेहरोत्रा ने सभी जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों और कलेक्टरों की बैठक में दिया था।

तीन सप्ताह तक चलेगा अमीनों का प्रशिक्षण सभी अधिकारियों को चुनाव की तरह ही प्राथमिकता के आधार पर सर्वेक्षण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं. फिलहाल सर्वेक्षण के लिए हाल ही में नियुक्त किए गए 9888 विशेष सर्वेक्षण कर्मियों का प्रशिक्षण 11 जुलाई से शुरू हो चुका है, यह तीन सप्ताह तक चलेगा. इस दौरान संबंधित अधिकारियों को सभी जोनल कार्यालयों के आसपास सर्वेक्षण शिविरों के लिए स्थान तय करने के निर्देश दिए गए हैं।

अमीनों को दी जाएगी जरूरी सुविधा

सभी सर्वेक्षण कार्यालयों में अमीनों के लिए टूल किट के साथ-साथ टेबल-कुर्सी, अलमारी और इंटरनेट समेत सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी. हवाई फोटोग्राफी के आधार पर तैयार ऑर्थो मैप भी जल्द से जल्द सर्वेक्षण शिविरों में उपलब्ध कराए जाएंगे. साथ ही गुलजारबाग सर्वेक्षण कार्यालय को निर्देश दिया गया है कि जिन क्षेत्रों में नक्शा बनाने का काम चल रहा है, वहां के नक्शे प्रिंट करके सर्वेक्षण शिविर कार्यालयों में उपलब्ध कराएं।

छोटे मौजों से शुरू होगा सर्वे का काम जमीन सर्वे को लेकर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा है कि सबसे पहले छोटे मौजा से इसका काम शुरू होगा. इसे पूरा करने के बाद बड़े मौजा में सर्वे शुरू होगा. सर्वे के लिए हर अमीन को चार मौजा आवंटित किए जा रहे हैं. जमाबंदी की संख्या के हिसाब से मौजा को छोटे और बड़े मौजा में बांटा गया है. पूर्णिया को छोड़ सभी 37 जिलों में बंदोबस्त पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है।

अमीनों को 75-75 के बैच में दिया जा रहा प्रशिक्षण इस संबंध में भू-अभिलेख एवं परिमाप के निदेशक और विभाग के सचिव जय सिंह ने कहा है कि पहले से काम कर रहे सर्वे कर्मियों को राजस्व सर्वेक्षण प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण दिया जा चुका है. वे मास्टर ट्रेनर के रूप में काम करेंगे. डीएम उन्हें चिह्नित कर प्रशिक्षित कराएं. सभी अमीनों को उनके आवंटित जिलों में 75-75 के बैच में प्रशिक्षण दिया जा रहा है. गौरतलब है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने हाल ही में अगले एक साल में जमीन सर्वे का काम पूरा करने की समय सीमा तय की है।

मामा ने किया शर्मनाक करतूत

घर में रह रही भांजी के साथ किया दुष्कर्म

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

बेगूसराय, दुनिया में अगर बच्चों के लिए माता-पिता के बाद अगर कोई होता है तो वह रिश्ते में मामा या मौसी, चाचा या चाची, किसी भी बच्चे को सबसे ज्यादा इन्हीं के साथ सुरक्षित समझा जाता है। लेकिन रिश्ता को शर्मसार करते हुए एक मामा ने अपनी ही भांजी को हवस का शिकार बनाया है। बिहार के बेगूसराय से रिश्तों को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है जहां एक कलयुगी मामा ने नाबालिक भांजी के साथ बलात्कार किया है। घटना बछवारा थाना क्षेत्र की है, घटना की सूचना मिलती मौके पर पहुंची पुलिस में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मौके पर आई 112 की टीम को यह सूचना मिली थी कि जहांनपुर में एक नाबालिक बच्ची से दुष्कर्म हुआ है, दुष्कर्म करने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका मामा ही है। घटना की सूचना मिलते ही

बछवारा थानाध्यक्ष दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां स्थानीय लोग और परिजनों से पूछताछ की गई, इसके बाद नाबालिक बच्ची के साथ दुष्कर्म होने के बाद सामने आई, आरोपी की पहचान बछवारा थाना क्षेत्र के जहांपुर के रहने वाले 35 साल के मोहम्मद अंसार के रूप में हुई है। आरोपी दो बच्चों का बाप है और पेसे से ड्राइवर है, पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल भेजवा दिया है, इस संबंध में आरोपी की मां ने बताया कि उनके पति इस दुनिया में नहीं है, वह मायके में ही रहती है। पीड़िता की मां ने कहा कि मेरे भाई ने ही मेरी बेटी के साथ दुष्कर्म किया है। मेरी बेटी दसवीं क्लास में पढ़ती थी इतना कहकर पीड़िता की मां बेसुध हो गई। वहीं पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर जेल भेजने की तैयारी में जुट गई है।

विशेष राज्य के दर्जे की मांग को मांझी ने किया खारिज

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

हाजीपुर, बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दिये जाने की मांग पर केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने साफ कर दिया है कि नीतीश कुमार पत्थर पर कितना भी माथा पटक ले लेकिन मांग पूरी नहीं होने वाली है। हाजीपुर में खादी उद्योग के कार्यक्रम में हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के संरक्षक व केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से विशेष राज्य के दर्जे की मांग को खारिज कर दिया। बिहार के लिए विशेष राज्य का दर्जा मांगने वाले नेताओं को मांझी ने यह सलाह दी है कि पत्थर पर सिर नहीं पटके इसका कोई फायदा होने वाला नहीं है। बिहार को विशेष राज्य का दर्जा नहीं मिलेगा। बिहार को विशेष

कहा-पत्थर पर कितना भी माथा पटक लें नहीं पूरी होगी यह मांग

राज्य के दर्जे की मांग और इससे जुडी राजनितिक हलचल एक बार फिर से तेज होती दिख रही है। अपनी पुरानी राजनितिक मांग को लेकर जहां नीतीश कुमार की पार्टी छुष्ठ ने हलचल तेज कर दी है, तो चिराग पासवान ने भी विशेष दर्जे की मांग का समर्थन कर दिया है.

लेकिन इन सबसे इतर बिहार में ह्ष्ठ के साथी जीतन राम मांझी ने विशेष राज्य के दर्जे की मांग को खारिज कर दिया। बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग करने वाले नेताओ को मांझी ने यहां तक कह दिया कि बिहार को विशेष दर्जे की मांग करना पत्थर पर सिर पटकने जैसा है। मांझी ने विशेष दर्जे की मांग करने वाले बिहारी नेताओं को भी नसीहत देते हुए कहा कि ये ठीक नहीं है।

हाजीपुर में खादी उद्योग के एक कार्यक्रम में पहुंचे जीतन राम मांझी ने एक बार फिर से विशेष राज्य के दर्जे की मांग को खारिज करते हुए कहा की बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग बेमानी है। मांझी ने साफ़ किया की नीति आयोग ने ये साफ़ कर दिया कि किसी राज्य को विशेष राज्य का दर्जा नहीं दिया जाएगा। ऐसे में बिहार के लिए विशेष राज्य के दर्जे की मांग पत्थर पर सिर पटकने जैसा है इसलिए इस तरह की मांग करना उचित भी नहीं है।

मुंगेर में डबल मर्डर से सनसनी

बदमाशों ने कार सवार दो लोगों को गोलियों से भूना

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

मुंगेर, इस वक्त की बड़ी खबर मुंगेर से आ रही है, जहां शनिवार को दोहरे हत्याकांड से पूरा शहर दहल गया. बाइक सवार दो अपराधियों ने कार सवार दो लोगों की श्री कृष्ण सेतु अप्रोच पथ के पास गोली मारकर हत्या कर दी है. वहीं दोहरे हत्याकांड की घटना को अंजाम देकर अपराधी फायरिंग करते हुए फरार हो गए, मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.मुंगेर मुफस्सिल थाना क्षेत्र में लाइन होटल के पास खड़ी कार में सवार दो लोगों की शनिवार को दो अज्ञात बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी. वहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार सवार जैसे ही होटल के पास रूके और होटल के स्टाफ को 500 का नोट देकर दो कुछ सामान लाने को कहा, तभी पहले से रेकी कर रहे दो बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इस गोलीबारी में कार चालक सहित उस पर सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो गई.वहीं घटना को लेकर होटल स्टाफ शंकर साह ने बताया कि दो लोग एक कार से आएं और

500 रुपए का नोट देकर कुछ सामान लाने को कहा. वो सामान और बचे हुए पैसे लेकर आया और उन्हें दे दिया. वापस होटल के अंदर जाने लगा, तभी एक बाइक पर सवार दो लोगों ने कार सवार लोगों पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी. वहीं इसके बाद बाइक सवार दोनों लोग फायरिंग करते हुए श्री कृष्ण सेतु पुल की तरफ भाग गए.

बिहार के सरकारी स्कूल में निकले 40 से ज्यादा कोबरा सांप

अनहोनी की आशंका, 16 जुलाई तक कक्षाएं बंद

अरविंद सिंह पवैया । सिटी चीफ । कटिहार, कटिहार में सरकारी स्कूल से तीन दिनों के अंदर 40 से अधिक जहरीले सांप निकल आए. सांपों को देखकर शिक्षक और छात्र सहम गए. बड़ी मुश्किल से सभी सांपों का स्कूल के ही शिक्षक राजू कुमार ने रेस्क्यू किया. ये सभी जहरीले प्रजाति के सांप हैं. बारिश की वजह से सांपों स्कूल में घुस गए. लोगों को डर है कि सांप के बच्चे हैं तो बड़ा सांप भी आसपास ही होगा.हैरान कर देने वाला ये पूरा वाकया उत्क्रमित मध्य विद्यालय मनोहरी का है जहां गुरुवार को स्कूल खुलते ही क्लासरूम में सांप के बच्चे दिखाई दिए. शिक्षकों की नजर सांप पर पड़ी तो उन्होंने इसकी जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी अमित कुमार को दो गई. उन्होंने तत्काल मीटिंग बुलाकर डीईओ वारसोई प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मुमताज अहमद को बुलाकर 16 जुलाई तक स्कूल को बंद रखने का निर्देश दिया.

भोजपुर पुलिस ने शराब तस्करों के खिलाफ की बड़ी कार्रवाई

35 लाख की विदेशी शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ । अरहि, बिहार में 8 साल से पूर्ण शराबबंदी लागू है लेकिन ना तो पीने वाले सुधरने का नाम ले रहे हैं और ना ही शराब बेचने वाले ही अपनी आदतों से बाज आ रहे हैं। शराब तस्करों के खिलाफ भोजपुर पुलिस ने अब तक की बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने शराब की बड़ी खेप जब्त की है। 35 लाख के विदेश शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। भोजपुर पुलिस ने कोइलवर थाना क्षेत्र के आरा-पटना फोर लाइन के मनभावन मोड़ के पास गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों से पुलिस पूछताछ में जुटी है। शराब की इतनी बड़ी खेप देख पुलिस भी हैरान रह गयी। भोजपुर पुलिस की इस कार्रवाई से शराब तस्करों के बीच हड़कंप मचा हुआ है।

केके पाठक के जाने के बाद चैन की नींद सो रहे टीचर

क्लास रूम में 3 शिक्षिका के सोने का वीडियो वायरल

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

सहरसा, अपर मुख्य सचिव एस सिद्धार्थ ने जब से शिक्षा विभाग की बागडोर संभाली है तब से पूर्व अपर मुख्य सचिव केके पाठक का खौफ टीचरों में खत्म हो गया है। केके पाठक के जाने के बाद शिक्षकों ने राहत की सांस ली है। उनके जाने के बाद शिक्षक स्कूल में चैन की नींद सो रहे हैं। आए दिन क्लास रूम में शिक्षकों के सोने का वीडियो सामने आ रहा है।

पहले एक टीचर के क्लास रूम में सोने का वीडियो सामने आया था अब एक ही क्लास में तीन शिक्षिका के सोने का वीडियो वायरल हो रहा है। शिक्षिका के क्लास

रुम में सोने का वायरल वीडियो सहरसा के बनमा ईटहरी प्रखंड के उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय सरबेला का है। वायरल वीडियो में यह साफ देखा जा सकता है कि कैसे 3 शिक्षिका बच्चों के बैठने वाले बैंच डेस्क पर सोयी हुई है।

एक क्लास में तीन शिक्षिका सो रही थी तभी किसी ग्रामीण ने अपने मोबाइल में इसे कैद कर लिया। फिर इस वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया और देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। हालांकि वायरल हो रहे इस वीडियो के सत्यता की पुष्टि फर्स्ट बिहार नहीं करता। इससे पहले बिहार के जमुई जिले के झाझा प्रखंड क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाराजोर के एक शिक्षक के क्लास रूम में बेंच पर सोते वीडियो तेजी से वायरल हुआ था।

वाटर फॉल में अचानक बढ़ गया पानी

जाते-जाते बची कई लोगों की जान, देखिए.. दिल दहला देने वाला वीडियो

चन्दन कुमार चौबे । सिटी चीफ ।

सासाराम, रोहतास के तिलौथू स्थित तुतला भवानी वाटर फॉल में कई लोगों के फंसने के बाद हड़कंप मच गया। अचानक हुई तेज बारिश के बाद वाटर फॉल में पानी बहाव तेज हो गया और उसमें कई लोग फंस गए हालांकि वहां मौजूद वन विभाग के सुरक्षाकर्मियों ने फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकाल लिया और उनकी जान जाते-जाते बच गई।

दरअसल, पहाड़ पर मूसलाधार बारिश होने के कारण वॉटर फॉल में ऊफान आने के कारण अचानक तेज- बहाव के साथ पानी आने लगा। जिससे वॉटरफॉल के पास स्नान कर रहे कुछ पर्यटक बुरी तरह पानी में फंस गए लेकिन बाद में वन विभाग की रेस्क्यू टीम ने बड़ी मुश्किल से सभी को निकाला।

जब भी पहाड़ पर मूसलाधार बारिश होती है तो कुछ इसी तरह का नजारा देखने को मिलता है लेकिन अचानक झरना में ऊफान आने के कारण आप देख सकते हैं कि पानी का बाहर कितना तेज है। रस्सी के सहारे रेस्क्यू टीम ने धीरे-धीरे सभी को निकाल लिया और उनकी जान बच गई। सोशल मीडिया पर रेस्क्यू ऑपरेशन का वीडियो वायरल हो रहा है।